भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

वित्तीय सेवाएं विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1470**

जिसका उत्तर सोमवार, 9 फरवरी, 2026/20 माघ, 1947 (शक) को दिया गया

**सरकारी क्षेत्र के बैंकों द्वारा अर्जित लाभ और हानि**

1470. श्रीमती मंजू शर्मा:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों और चालू वर्ष के दौरान सरकारी और निजी क्षेत्र के बैंकों द्वारा अर्जित लाभ और हानि का वर्ष-वार और बैंक-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार द्वारा घाटे में चल रहे सरकारी और निजी क्षेत्र के बैंकों की वित्तीय स्थिति में सुधार करने और बैंकों की विभिन्न वित्तीय गतिविधियों में अनियमितताओं/धोखाधड़ी की जांच करने के लिए कोई प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

**(क):** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से प्राप्त जानकारी के अनुसार, सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंकों द्वारा पिछले पांच वर्ष और चालू वर्ष के दौरान अर्जित/उपचित लाभ और हानि वर्षवार और बैंकवार अनुबंध में दिया गया है।

**(ख) और (ग):** सरकार ने एक व्यापक रणनीति लागू की है, जिसमें गैर-निष्पादित आस्तियों (एनपीए) की पारदर्शी पहचान, तनावग्रस्त खातों से मूल्य का समाधान और वसूली, और एक जिम्मेदार और स्पष्ट बैंकिंग प्रणाली के लिए वित्तीय ईकोसिस्टम में सुधार शामिल हैं। सरकार द्वारा किए गए प्रमुख बैंकिंग सुधारों में प्रौद्योगिकी को अपनाने के अलावा ऋण अनुशासन, जिम्मेदारीपूर्ण उधार और बेहतर अभिशासन को भी शामिल किया गया। भारतीय बैंकिंग प्रणाली का विकास चक्र सभी मापदंडों में ऊपर की ओर है। अर्थव्यवस्था के उत्पादक क्षेत्रों में ऋण का प्रवाह तेज गति से बढ़ रहा है। अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) की परिसंपत्ति गुणवत्ता में लगातार सुधार हो रहा है, सकल एनपीए अनुपात और निवल एनपीए अनुपात में गिरावट आ रही है। एससीबी का प्रावधानीकरण कवरेज अनुपात (पीसीआर) लगातार बढ़ा है। कम स्लिपेज अनुपात, बाजार से पूंजी जुटाने और मुनाफे के माध्यम से निवल पूंजी वृद्धि ने बैंकों को अपने पूंजी पर्याप्तता स्तर को मजबूत करने में मदद की है।

सरकार द्वारा वित्तीय प्रणाली में किए गए सुधारों के क्रियान्वयन के परिणामस्वरूप, भारतीय बैंकिंग क्षेत्र के कार्यनिष्पादन से इस क्षेत्र में हुए महत्वपूर्ण सुधार परिलक्षित होते हैं। आरबीआई के अनंतिम आंकड़ों के अनुसार, दिनांक 30.9.2025 तक की स्थिति निम्नानुसार है:-

(i) वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान, एससीबी और पीएसबी ने क्रमशः 4.01 लाख करोड़ रुपए और 1.78 लाख करोड़ रुपए का अब तक का उच्चतम कुल शुद्ध लाभ दर्ज किया है। इसके अलावा, वित्तीय वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में एससीबी का शुद्ध लाभ 2.08 लाख करोड़ रुपए रहा।

(ii) एससीबी का जीएनपीए अनुपात मार्च 2015 में 4.28% से घटकर सितंबर 2025 में 2.05% हो गया, और मार्च 2018 में यह 11.18% के उच्चतम स्तर पर था।

(iii) एससीबी के पीसीआर में मार्च 2015 में 49.31% से बढ़कर सितंबर 2025 में 93.23% की स्वस्थ दर तक पहुंचने के साथ लचीलापन बढ़ा है।

(iv) एससीबी की पूंजी पर्याप्तता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, सितंबर 2025 में एससीबी की सीआरएआर 430 बीपीएस बढ़कर 17.24% हो गई, जो मार्च 2015 में 12.94% थी।

इसके अलावा, आरबीआई की भारत में बैंकिंग के रुझान और प्रगति पर रिपोर्ट 2024-25 के अनुसार, संपूर्ण बैंकिंग क्षेत्र में धोखाधड़ी में शामिल राशि का अधिकांश हिस्सा ऋण-संबंधी धोखाधड़ी से संबंधित है। एससीबी में धोखाधड़ी, सकल ऋण और अग्रिमों के प्रतिशत के रूप में, जिनमें शामिल राशि 1 लाख रुपए या उससे अधिक है, धोखाधड़ी की घटना की तिथि के आधार पर, वित्तीय वर्ष 2024-25 में घटकर एक दशक के सबसे निचले स्तर 0.002% पर आ गई है।

*****

**अनुबंध**

"सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा अर्जित लाभ और हानि" के विषय से संबंधित दिनांक 9.2.2026 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1470

अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) का पिछले पांच वर्ष और अप्रैल-सितंबर 2025 की अवधि का निवल लाभ।

*(करोड़ रुपये में)*

| **क्र. सं.** | **बैंक/बैंक समूह का नाम** | **शुद्ध लाभ (अप्रैल से अब तक)** | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | **31 मार्च 2021** | **31 मार्च 2022** | **31 मार्च 2023** | **31 मार्च 2024** | **31 मार्च 2025** | **31 मार्च 2025** |
| **सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक** | | | | | | | |
| 1 | भारतीय स्टेट बैंक | 20,410 | 31,676 | 50,232 | 61,077 | 70,901 | 39,320 |
| 2 | केनरा बैंक | 2,558 | 5,678 | 10,604 | 14,554 | 17,027 | 9,526 |
| 3 | बैंक ऑफ बड़ौदा | 829 | 7,272 | 14,110 | 17,789 | 19,581 | 9,351 |
| 4 | यूनियन बैंक ऑफ इंडिया | 2,906 | 5,232 | 8,433 | 13,648 | 17,987 | 8,365 |
| 5 | पंजाब नेशनल बैंक | 2,022 | 3,457 | 2,507 | 8,245 | 16,630 | 6,579 |
| 6 | इंडियन बैंक | 3,005 | 3,945 | 5,282 | 8,063 | 10,918 | 5,991 |
| 7 | बैंक ऑफ इंडिया | 2,160 | 3,405 | 4,023 | 6,318 | 9,219 | 4,807 |
| 8 | बैंक ऑफ महाराष्ट्र | 550 | 1,152 | 2,602 | 4,055 | 5,520 | 3,226 |
| 9 | सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया | -888 | 1,045 | 1,582 | 2,549 | 3,785 | 2,382 |
| 10 | इंडियन ओवरसीज बैंक | 834 | 1,713 | 2,099 | 2,656 | 3,335 | 2,337 |
| 11 | यूको बैंक | 167 | 930 | 1,862 | 1,654 | 2,445 | 1,227 |
| 12 | पंजाब एंड सिंध बैंक | -2,733 | 1,039 | 1,313 | 595 | 1,016 | 564 |
| | **उप-योग** | **31,820** | **66,543** | **1,04,649** | **1,41,202** | **1,78,364** | **93,674** |
| **निजी क्षेत्र के बैंक** | | | | | | | |
| 13 | लक्ष्मी विलास बैंक लिमिटेड | -316 | - | - | - | - | - |
| 14 | आरबीएल बैंक लिमिटेड | 508 | -75 | 883 | 1,168 | 695 | 379 |
| 15 | धनलक्ष्मी बैंक लिमिटेड | 37 | 36 | 49 | 58 | 67 | 35 |
| 16 | एचडीएफसी बैंक लिमिटेड | 31,117 | 36,961 | 44,109 | 60,812 | 67,347 | 36,796 |
| 17 | आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड | 16,193 | 23,339 | 31,897 | 40,888 | 47,227 | 25,127 |
| 18 | एक्सिस बैंक लिमिटेड | 6,589 | 13,025 | 9,580 | 24,861 | 26,373 | 10,896 |
| 19 | कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड | 6,965 | 8,573 | 10,939 | 13,782 | 16,450 | 6,535 |
| 20 | आईडीबीआई बैंक लिमिटेड | 1,359 | 2,439 | 3,645 | 5,634 | 7,515 | 5,635 |
| 21 | फेडरल बैंक लिमिटेड | 1,565 | 1,890 | 3,011 | 3,721 | 4,052 | 1,817 |
| 22 | यस बैंक लिमिटेड | -3,462 | 1,066 | 717 | 1,251 | 2,406 | 1,456 |
| 23 | करूर वैश्य बैंक लिमिटेड | 359 | 673 | 1,106 | 1,605 | 1,942 | 1,095 |
| 24 | जम्मू और कश्मीर बैंक लिमिटेड | 432 | 502 | 1,197 | 1,767 | 2,082 | 979 |
| 25 | आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड | 452 | 145 | 2,437 | 2,957 | 1,525 | 815 |
| 26 | साउथ इंडियन बैंक लिमिटेड | 62 | 45 | 775 | 1,070 | 1,303 | 673 |
| 27 | सिटी यूनियन बैंक लिमिटेड | 593 | 760 | 937 | 1,016 | 1,124 | 635 |
| 28 | तमिलनाडु मर्केंटाइल बैंक लिमिटेड | 603 | 822 | 1,029 | 1,072 | 1,183 | 622 |
| 29 | कर्नाटक बैंक लिमिटेड | 483 | 509 | 1,180 | 1,306 | 1,272 | 612 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 30 | बंधन बैंक लिमिटेड | 2,268 | 126 | 2,195 | 2,230 | 2,745 | 484 |
| 31 | डीसीबी बैंक लिमिटेड | 336 | 288 | 466 | 536 | 615 | 341 |
| 32 | सीएसबी बैंक लिमिटेड | 218 | 458 | 547 | 567 | 594 | 279 |
| 33 | इंडसइंड बैंक लिमिटेड | 2,836 | 4,611 | 7,390 | 8,950 | 2,643 | 239 |
| 34 | नैनीताल बैंक लिमिटेड | 1 | 29 | 46 | 47 | 51 | 30 |
| | **उप-योग** | **69,198** | **96,223** | **1,24,136** | **1,75,297** | **1,89,211** | **95,480** |
| | **विदेशी बैंक** | | | | | | |
| 35 | एबी बैंक लिमिटेड | 8 | 10 | 19 | 19 | 63 | 18 |
| 36 | अबू धाबी कमर्शियल बैंक पीजेएससी | 3 | - | - | - | - | - |
| 37 | क्रेडिट सुइस एजी | 330 | 303 | 261 | 197 | - | - |
| 38 | दोहा बैंक क्यू.पी.एस.सी | -8 | 1 | 35 | 29 | 13 | 3 |
| 39 | क्रुंग थाई बैंक पब्लिक कंपनी लिमिटेड | 2 | -1 | - | - | - | - |
| 40 | एसबीएम बैंक (इंडिया) लिमिटेड | 19 | 16 | 21 | -43 | -87 | 3 |
| 41 | सिटीबैंक एन.ए. | 4,093 | 3,727 | 13,614 | 6,237 | 6,193 | 4,673 |
| 42 | द हांगकांग एंड शंघाई बैंकिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड | 3,632 | 3,191 | 3,453 | 5,436 | 6,177 | 3,215 |
| 43 | ड्यूश बैंक एजी | 1,527 | 1,474 | 1,467 | 1,977 | 3,070 | 2,417 |
| 44 | जेपी मॉर्गन चेस बैंक नेशनल एसोसिएशन | 2,045 | 1,480 | 1,932 | 2,564 | 3,715 | 1,860 |
| 45 | बैंक ऑफ अमेरिका नेशनल एसोसिएशन | 1,227 | 830 | 1,160 | 1,881 | 2,570 | 1,198 |
| 46 | एमयूएफजी बैंक लिमिटेड | 443 | 371 | 508 | 402 | 716 | 722 |
| 47 | स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक | 3,059 | 4,469 | 4,621 | 3,730 | 1,873 | 687 |
| 48 | डीबीएस बैंक इंडिया लिमिटेड | 628 | 167 | 228 | 377 | 684 | 549 |
| 49 | बार्कलेज बैंक पीएलसी | 258 | 696 | 669 | 785 | 1,035 | 537 |
| 50 | बीएनपी पारिबास | 559 | 512 | 473 | 593 | 635 | 478 |
| 51 | सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कॉर्पोरेशन | 352 | 366 | 480 | 511 | 656 | 426 |
| 52 | मिज़ुहो बैंक लिमिटेड | 248 | 194 | 283 | 439 | 730 | 350 |
| 53 | एसबीईआरबैंक | 95 | 76 | 367 | 745 | 369 | 252 |
| 54 | क्रेडिट एग्रीकोल कॉर्पोरेट एंड इन्वेस्टमेंट बैंक | 221 | 76 | 81 | 131 | 216 | 167 |
| 55 | ऑस्ट्रेलिया एंड न्यूजीलैंड बैंकिंग ग्रुप लिमिटेड | 126 | 52 | 129 | 149 | 279 | 129 |
| 56 | यूबीएस एजी | - | - | - | - | 173 | 95 |
| 57 | शिनहान बैंक | 138 | 90 | 68 | 55 | 100 | 82 |
| 58 | फर्स्ट अबू धाबी बैंक पीजेएससी | 167 | 102 | -30 | 113 | 52 | 54 |
| 59 | जेएससी वीटीबी बैंक | 39 | 47 | 6 | 42 | 95 | 52 |
| 60 | अमेरिकन एक्सप्रेस बैंकिंग कॉर्प. | -297 | -5 | 71 | 66 | 13 | 44 |
| 61 | एमिरेट्स एनबीडी बैंक (पी.जे.एस.सी.) | 33 | 24 | 42 | 74 | 84 | 37 |
| 62 | इंडस्ट्रियल एंड कमर्शियल बैंक ऑफ चाइना | 56 | 54 | 15 | 49 | 62 | 35 |
| 63 | सोसाइटी जेनरल | 98 | 67 | 50 | 69 | 102 | 34 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 64 | सीटीबीसी बैंक कंपनी लिमिटेड | 11 | 11 | 10 | 33 | 33 | 27 |
| 65 | मशरक बैंक पीएससी | 14 | 17 | 34 | 45 | 42 | 26 |
| 66 | केईबी हाना बैंक | 32 | 24 | 23 | 50 | 91 | 26 |
| 67 | बैंक ऑफ सीलोन | 10 | 6 | 12 | 9 | 10 | 19 |
| 68 | कोरिया औद्योगिक बैंक | 15 | 12 | 17 | 18 | 20 | 18 |
| 69 | नोवा स्कोटिया बैंक | 18 | 99 | -22 | 66 | 43 | 17 |
| 70 | कतर नेशनल बैंक (क्यू.पी.एस.सी.) | -7 | -24 | 0 | -8 | 13 | 17 |
| 71 | कोऑपरेटिव राबोबैंक यू.ए. | 2 | -90 | 41 | 63 | 18 | 16 |
| 72 | यूनाइटेड ओवरसीज बैंक लिमिटेड | 18 | 9 | 24 | 19 | 24 | 11 |
| 73 | बैंक ऑफ चाइना लिमिटेड | -23 | -22 | 8 | 2 | 3 | 8 |
| 74 | पीटी बैंक, मेबैंक इंडोनेशिया टीबीके | -3 | -3 | 2 | 8 | 15 | 7 |
| 75 | बैंक ऑफ बहरीन एंड कुवैत बी.एस.सी. | 14 | 8 | 17 | 6 | 0 | 5 |
| 76 | कुकमिन बैंक | 3 | 8 | 1 | 4 | -1 | 2 |
| 77 | नोंगह्यूप बैंक | - | - | - | -0.29 | -1 | 1 |
| 78 | वूरी बैंक | 47 | 33 | 27 | 18 | -3 | 0 |
| 79 | फर्स्टस्ट्रैंड बैंक लिमिटेड | 2 | -5 | 17 | 8 | 6 | -0.13 |
| 80 | सोनाली बैंक पीएलसी | 4 | 8 | 9 | -13 | -2 | -4 |
| 81 | नेटवेस्ट मार्केट्स पीएलसी | 27 | -79 | -82 | - | 23 | -33 |
| | **उप-योग** | **19,283** | **18,399** | **30,160** | **26,957** | **29,925** | **18,282** |
| | **लघु वित्त बैंक** | | | | | | |
| 82 | फिनकेयर स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड | 113 | 9 | 104 | 395 | - | - |
| 83 | स्लाइस स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड | 7 | -123 | -213 | -152 | -217 | 6.56 |
| 84 | एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड | 1,171 | 1,130 | 1,428 | 1,535 | 2,106 | 1,142 |
| 85 | उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड | 8 | -415 | 1,100 | 1,281 | 726 | 225 |
| 86 | जाना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड | 84 | 5 | 256 | 670 | 501 | 177 |
| 87 | कैपिटल स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड | 41 | 63 | 94 | 112 | 132 | 67 |
| 88 | सूर्योदय स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड | 12 | -93 | 78 | 216 | 115 | 66 |
| 89 | यूनिटी स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड | - | - | 35 | 439 | 482 | 41 |
| 90 | शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड | - | 1 | 2 | 2 | 1 | 3 |
| 91 | ईएसएएफ स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड | 105 | 55 | 302 | 426 | -521 | -197 |
| 92 | इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड | 384 | 281 | 574 | 799 | 147 | -200 |
| 93 | उत्कर्ष लघु वित्त बैंक लिमिटेड | 112 | 61 | 405 | 498 | 24 | -588 |
| | **उप-योग** | **2038** | **974** | **4162** | **6220** | **3496** | **743** |
| | **अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक** | **1,22,338** | **1,82,139** | **2,63,107** | **3,49,676** | **4,00,995** | **2,08,179** |

*स्रोत: भारतीय रिज़र्व बैंक*

*****